प्रधानमंत्री ने सियाम के सम्मेलन में कहा, दूसरों के लिए मिसाल बने ऑटो उद्योग

हरित-स्वच्छ परिवहन पर जोर दे वाहन उद्योग, वृद्धि को मिलेगी और गति : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, देश की जीडीपी में 6.8 फीसदी का योगदान करने वाले वाहन उद्योग को हरित और स्वच्छ परिवहन पर जोर देना चाहिए। साथ ही, इस क्षेत्र को दूसरों के लिए मिसाल पेश करने की जरूरत है। इन प्रयासों के जरिये वाहन उद्योग आर्थिक विकास की गति को और अधिक बढ़ा देगा। बदले में उसे मांग में वृद्धि का लाभ मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 64वें सालाना सम्मेलन में अपने लिखित संबोधन में कहा, भविष्य की मांग है कि हमारी प्रगति तेज व टिकाऊ हो। इसके लिए महत्वपूर्ण है कि वाहन उद्योग वैश्विक स्तर पर अपनाए जाने वाले सर्वोत्तम तौर-तरीकों को भारत में लाने की दिशा में काम करे।

मोदी ने कहा, हम वर्ष 2047 तक विकसित भारत के अपने सामूहिक लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। मुझे विश्वास है कि सियाम जैसे संगठन सभी हितधारकों को एक साथ लाना जारी रखेंगे और इस मिशन की गति दोगुनी करने में अहम भूमिका निभाएंगे। मुझे यह भी भरोसा है कि इस सम्मेलन में होने वाले विचार-विमर्श इसके लिए उत्प्रेरक का काम करेंगे। एजेंसी

बुनियादी ढांचे पर जोर

देश भविष्य के लिए अत्याधुनिक एक्सप्रेसवे, हाई-स्पीड रेलवे और हर कोने तक पहुंचने वाली मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के रूप में बुनियादी ढांचे का निर्माण होते देख रहा है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

सफलता की कहानी अभूतपूर्व

पीएम ने कहा, भारतीय परिवहन की सफलता की कहानी उल्लेखनीय है। इसमें नवाचार की बड़ी भूमिका है। पिछले दशक में वाहन क्षेत्र ने अभूतपूर्व वृद्धि देखी है। यह देश की बढ़ती आर्थिक वृद्धि का भी उतना ही प्रमाण है, जितना वाहन उद्योग की ओर से निभाई गई अहम भूमिका का।

- *घरेलू वाहन उद्योग में पिछले साल 12.5 फीसदी की प्रभावशाली बढ़ोतरी देखने को मिली है। इसके साथ ही, उद्योग का कारोबार बढ़कर 20 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है।*

वाहनों की उम्र के बजाय प्रदूषण के आधार पर कबाड़ नीति लाने पर विचार : सचिव

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन ने कहा, सरकार वाहनों की उम्र के बजाय उनसे फैलने वाले प्रदूषण के आधार पर कबाड़ में बदलने की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, जब आप 15 साल पुराने वाहन को कबाड़ में बदलने की नीति लेकर आते हैं, तो लोगों का सवाल होता है कि अगर उन्होंने अपनी गाड़ी का अच्छी तरह से रखरखाव किया है, तो उसे कबाड़ में क्यों बदला जाना चाहिए। आप इसे अनिवार्य नहीं कर सकते।

- **सचिव अनुराग जैन ने कहा, वाहन उद्योग प्रदूषण जांच के कार्यक्रम को भरोसेमंद बनाने में सरकार की मदद करे।**

हर साल बिकेंगे एक करोड़ ईवी : गडकरी

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा, देश का इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बाजार 2030 तक एक करोड़ इकाई सालाना बिक्री के आंकड़े को छू लेगा। इससे पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। सियाम के सम्मेलन में गडकरी ने कहा, लिथियम आयन बैटरियों की लागत में और कमी आने की उम्मीद है। इससे ईवी को किफायती बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही, भारत भविष्य में दुनिया का शीर्ष वाहन विनिर्माण केंद्र बन सकता है।

- अभी देश में 30 लाख ईवी पंजीकृत हैं। इनमें ई-दोपहिया वाहनों का हिस्सा 56 फीसदी है।

पीएलआई के तहत 75,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले

केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने कहा, वाहन क्षेत्र के पीएलआई योजना के तहत 75,000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनमें से करीब 18,000 करोड़ रुपये का निवेश पहले ही किया जा चुका है।